भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-91

उत्तर देने की तारीख-22/07/2024

रायगढ़, महाराष्ट्र में विद्यालय/छात्रावास

†91. **श्री सुनील दत्तात्रेय तटकरे:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) महाराष्ट्र के रायगढ लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में चलाए जा रहे प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च विद्यालय, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं छात्रावासों की संख्या और ब्यौरा क्या है;
(ख) छात्रावासों में लड़कियों की सुरक्षा के लिए की गई व्यवस्था का ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या संबंधित प्राधिकारियों द्वारा नियमित निरीक्षण किए जा रहे हैं;
(घ) प्रधानाचार्यों और शिक्षकों की स्वीकृत संख्या का ब्यौरा क्या है; और
(ङ) इन संस्थानों में रिक्त पड़े पदों की संख्या का ब्यौरा क्या है और इन रिक्तियों को कब तक भरा जाएगा?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री जयंत चौधरी)

(क): शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग (डीओएसईएल) ने सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा प्रदान किए गए स्कूल शिक्षा के संकेतकों पर आंकड़ा संग्रह करने हेतु शिक्षा प्लस (यूडाइज+) के लिए एकीकृत जिला सूचना प्रणाली विकसित की है। यूडाइज+ 2021-22 के अनुसार, महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में स्कूलों की कुल संख्या 3671 है, जिसमें 2081 प्राथमिक, 928 उच्च प्राथमिक, 448 माध्यमिक, 214 उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शामिल हैं। कुल मिलाकर, रायगढ़ जिले में 44 आवासीय विद्यालय हैं।

(ख) और (ग): शिक्षा संविधान की समवर्ती सूची का विषय है और अधिकांश स्कूल संबंधित राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के अधिकार क्षेत्र में आते हैं। इसके अलावा, अधिकांश राज्यों ने लड़कियों के लिए सुरक्षित वातावरण प्रदान करने हेतु दिशा-निर्देश/निर्देश तैयार किए हैं ताकि वे भयरहित वातावरण में अपनी शिक्षा पूरी कर सकें। शिक्षा मंत्रालय ने 11 सितंबर 2017 को पत्र संख्या 10-11/2014-ईई 4 के माध्यम से बच्चों की संरक्षा एवं सुरक्षा पर दिशा-निर्देशों का एक सेट भी जारी किया है और ये दिशा-निर्देश शिक्षा मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। पत्र को निम्नलिखित लिंक के माध्यम से पढ़ा जा सकता है:-
https://www.education.gov.in/sites/upload_files/mhrd/files/upload_document/rte_guidelines_safety.pdf

(घ) और (ड.): महाराष्ट्र सरकार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, रायगढ़ जिले में प्रधानाचार्यों, शिक्षकों और रिक्तियों की संस्वीकृत संख्या निम्नानुसार है:

	संस्वीकृत		कार्यरत		रिक्त	
	प्रधानाचार्य	शिक्षक	प्रधानाचार्य	शिक्षक	प्रधानाचार्य	शिक्षक
जिला परिषद स्कूल	138	7196	107	6337	31	859
निजी सहायता प्राप्त स्कूल	69	1079	61	837	8	242
माध्यमिक विद्यालय	234	2976	231	2919	3	57
उच्चतर माध्यमिक विद्यालय	0	1862	0	1842	0	20

महाराष्ट्र राज्य सरकार द्वारा दी गई सूचनानुसार, शिक्षकों के रिक्त पदों को 'पवित्र पोर्टल' के माध्यम से भरा जाता है और प्रधानचार्यों के रिक्त पदों को शिक्षकों की पदोन्नति द्वारा भरा जाता है।

*****